# आदर्श फिजिकल कॉलेज सूरौठ ने खो-खो में जे डी बी कोटा को हराया



प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को सम्मानित किया।

सूरौठ-कस्बे के आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गत दिवस से चल रही महिला वर्ग की अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। जिसमें आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महा महाविद्यालय सुरौठ ने खो खो में जीडीबी कॉलेज कोटा को पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया वही बास्केटबॉल में भी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज कोटा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली, प्राचार्य एवं आयोजन अध्यक्ष डॉ एल एच पारधी प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोटा महाविद्यालय कोटा की ओर से आयोजित हो रही महिला वर्ग की अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान दूसरे दिन प्रात: कालीन सत्र में

राजस्थान जन उत्थान संघ के सचिव स्वदेश शर्मा , प्राचार्य अध्यक्ष एल एच पारधी, आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के निदेशक ओजस शर्मा,ऑफिस सुपरीटेंडेंट विनोद तिवारी, शूटिंग बॉल सचिव विश्राम मीणा, ऑब्जर्वर शाहबाज खान, प्रियकांत बेनीवाल ने सेमीफाइनल मुकाबले से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर जीत की शुभकामनाएं दी और मैच विधिवत शुरू करवाए। जिसमें खो-खो में आदर्श शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय ने जे डी वीं कोटा को 9-0 से पराजित कर दिया। वही स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय गोठड़ा ने बूंदी को 8-7 से पराजित कर दिया। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय कोटा ने राजीव गांधी महाविद्यालय नादौती को पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली तो वहीं राजकीय महाविद्यालय इटावा ने राजकीय गर्ल्स कॉलेज कोटा को पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया ।

इसी प्रकार वॉलीबॉल में केशव महाविद्यालय अटरू ने राजकीय कॉमर्स कॉलेज कोटा को 2- 0 से पराजित किया तो वही गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज बूंदी ने आदर्श शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय सुरोंठ को 2-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली। इसी प्रकार बॉस्केटवाल में आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुरौठ ने राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा को 16-2 से एवं राजकीय आर्ट्स कॉलेज कोटा ने जेडीबी कोटा को 29-6 से पराजित कर दिया। इसी तरह हैंडबॉल का फाइनल मैच राजकीय महाविद्यालय बूंदी और राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी के बीच खेला गया । जिसमें राजकीय महाविद्यालय बूंदी ने राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी को 23-4 से हराकर गवर्नमेंट कॉलेज बूंदी गर्ल्स विजेता रहा।

खेले गए मैचों में गोपाल रोतरवाल, राजू डागुर, रज्जो, सुनील यादव, युधिष्ठिर भाकर, गोविंद मीणा, लोकेश मीणा, मदन मोहन नापित, देवी सहाय शर्मा, फतेह राम,सुधीर चौधरी, ओम प्रकाश,वीर बहादुर, भूपाल मीना प्रियंका यादव , रविंद्र पाल सिंह, विवेक पांडे, पुलकित, राम कुवार , देवेंद्र,निहाल धाकड, विक्रम, सतवीर,आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई।प्रतियोगिता का समापन समारोह आज - आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुरोंठ में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को प्रात: 10:00 बजे स्थानीय महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत माता फिजिकल कॉलेज के डायरेक्टरनेशनल भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्यडॉ मजीत मलिक होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय कोटा फिजिकल डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ विजय सिंह रहेंगे ।

## 'भगत सिंह को आदर्श मानकर कार्य करें युवा'

**बून्दी** (निसं)। हुतात्मा दिवस के अवसर पर 5 नवंबर से 15 नवंबर तक वर्ष 1990 में राम मंदिर आंदोलन में बलिदान हुए राम भक्तों की याद में बजरंग दल पूरे जिले में हर प्रखंड केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। यह निर्णय अखाड़ा वाले हनुमान मंदिर, बालचंद पाड़ा में आयेजित बजरंगदल की जिला बूंदी की मासिक बैठक में लिया गया।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बजरंग दल कोटा विभाग संयोजक रवि स्वामी ने कार्यकर्ताओं को धर्म मार्ग पर चलते हुए देश के सभी युवाओं को भगत सिंह को आदर्श मानकर कार्य करने आ ान किया।

जिला संयोजक लक्की चोपड़ा ने बताया कि बजरंग दल 1990 में राम मंदिर आंदोलन में बलिदान हुए राम भक्तों की याद में हुतात्मा दिवस के अवसर पर 5 नवंबर से 15 नवंबर तक पूरे जिले में हर प्रखंड केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन करने के साथ दिसंबर माह में गीता जयंती पर शौर्य दिवस के उपलक्ष में हर प्रखंड केंद्र पर भव्य त्रिशूल दीक्षा का आयोजन भी करेगा।

जिले भर में आयेजित इस त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम में प्रांत और प्रदेश पदाधिकारियों का मागदर्शन प्राप्त होगा।

## प्रतियोगिता मे खिलाडियो ने दिखाया दमखम

**करौली ( नि.स. )।** 68वीं जिला स्तरीय छात्र छात्रा 14 वर्ष आयु वर्ग एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का जिला मुख्यालय पर आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन लंबी कूद,दौड़ सहित कई खेल आयोजित खेलों में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग 100 मीटर दौड़ में रिंकू सिंह सर्वोदय स्कूल क्यारदा कला प्रथम और अनिल गुर्जर रेडियंट स्कूल करौली द्वितीय स्थान पर रहे। छात्र वर्ग 400 मीटर दौड़ में युवराज सर्वोदय स्कूल क्यारदा कला हिंडौन प्रथम तथा रिंकेश गुर्जर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बमनपुरा द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार छात्रा वर्ग 100 मी दौड़ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुडला की छात्रा सपना प्रथम तथा अंजू गुर्जर रेडियंट स्कूल करौली की छात्रा द्वितीय स्थान पर रही। 200 मी छात्रा वर्ग दौड़ में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मांडई की शकीना प्रथम तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खूंडरी की छात्रा राधा द्वितीय स्थान पर रही। ऊंची कूद प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में सर्वोदय स्कूल की क्यारदा कला का छात्र देवराज गुर्जर प्रथम तथा रेडियंट स्कूल करौली का अनिल गुर्जर एवं रजनेश जोगी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय इरनिया द्वितीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खूंडरी की छात्रा राधा प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल दुर्गसी की छात्रा पायल द्वितीय स्थान पर रही। इस दौरान संयोजक मदन मोहन शर्मा,खेल प्रभारी मुकेश शर्मा,मनीष छात्रा वर्ग के निर्णायक व व्यवस्थापक सुनीता शर्मा, रीता चित्तोसिया, समता, लक्ष्मी बाई मौजूद रहे।

## खाद्य सामग्री के सात नमूने लिए

**छबड़ा** (निसं)। त्यौहारी सीजन में खाद्य विभाग अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा हैं। शनिवार को फूड इंस्पेक्टर के छबडा पहुंचने की सूचना पर दुकानदारो ने अपनी दुकानो की षटरे गिरा दी। फिर भी यहां की दुकानो से खाद्य सामग्री के सात नमूने लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोवर्धन चौधरी ने छबडा में मंगल किराना स्टोर से वनस्पति घी, रिफाइंड सोयाबीन तेल, सोयाबड़ी, गोविंद स्वीट्स से दूध, दही, मिल्क केक एवं गुर्जर मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी के नमूने लिए गए जो कोटा लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे। खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई के भय से दुकानदारों ने दुकाने बंद कर दी थी। बावजूद इसके समझाइष कर 7 नमूने लिए गए। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी एवं व्यापारियो को दीपावली त्यौहार पर साफ सफाई रखने, एक्सपायरी ब्रेकेज को अलग से रखने, शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए निर्देशित किया।

## नेटथिएट पर इम्प्रोम्टू एक्सपेरिमेंटल थियेटर में बनी दूध जलेबी

**भरतपुर ( निस )।** नेट थिएटर कार्यक्रमों की श्रृंखला में नाद सोसाइटी और जयपुर रंगमंडल की ओर से इम्प्रोम्टू एक्सपेरिमेंटल थियेटर के अंतर्गत नाटक दूध जलेबी का मंचन किया गया। इस अनूठी प्रस्तुति में बिना किसी स्क्रिप्ट या पूर्व तैयारी के कलाकारों ने नाटक को स्टेज पर गढ़ा और दर्शकों के सामने एक ज्वलंत और प्रभावी कहानी प्रस्तुत की।

कलाकारों की उभरती कला

नाटक के प्रमुख पात्रों में मनोज स्वामी, रेनू सनाढ्य, धृति शर्मा, वीरेंद्र राठौड़, राजेंद्र शर्मा राजू और जीवितेश शर्मा ने अपने असाधारण अभिनय से नाटक को जीवंत किया।

बैकस्टेज सहयोग

मिहिजा शर्मा, डॉ. मुकेश सैनी, और अंकित शर्मा नोनू,सागर गढ़वाल ने बैकस्टेज से नाटक को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने में योगदान दिया।

नाद सोसाइटी एवं नेट थिएट के अनिल मारवाड़ी ने बताया कि इस नाट्यय संध्या का आयोजन संस्था द्वारा कलाकारों को इम्प्रोवाइजेशनल थिएटर की शिक्षा देने के उद्देश्य से किया गया था। नाटक के दौरान, कलाकारों ने बिना किसी पूर्व रिहर्सल या कथानक के स्टेज पर अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया।

इस इम्प्रोम्टू प्रस्तुति में कलाकारों ने दांपत्य जीवन के संघर्षों को इम्प्रोवाइजेशन के माध्यम से दिखाया। नाटक में पति-पत्नी के रिश्ते में शक और सहनशीलता की कमी के कारण तलाक तक की नौबत आ जाती है, जो दर्शकों को गंभीर चिंतन की ओर प्रेरित करती है।

'क्या है इम्प्रोवाइजेशनल थिएटर

इम्प्रोवाइजेशनल थिएटर, जिसे इम्प्रोव थिएटर भी कहा जाता है, रंगमंच का एक ऐसा रूप है जिसमें अधिकांश या सभी क्रिया अनियोजित या बिना स्क्रिप्ट के होती है। इसका इतिहास 391 ईसा पूर्व के एटेलन फ़ार्स से जुड़ा है। 16वीं से 18वीं शताब्दी के दौरान कॉमेडिया डेलश्आर्टे के कलाकारों ने इटली की सड़कों पर इस शैली का प्रदर्शन किया था। इस थिएटर में संवाद, कहानी और किरदार कलाकारों द्वारा मंच पर ही गढ़े जाते हैं।

## अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाही से माफियाओं में हडकंप

**पहाड़ी ( निस )।** नांगल क्रशर जॉन में अवैध खनन के खिलाफ खनिज विभाग की छापामार कार्रवाही से खनन माफियॉओं मे हडकंप मचा हुआ है। खनिज विभाग ने शुक्रवार रात्रि को कार्रवाही करते हुए एक पोकलीन, ड्रिल मशीनो को जप्त किया है।

जबकि खननकर्ता मोके से फरार हो गए है। दो दिन गुजरने के बाद भी खनन माफियाओ के खिलाफ रिर्पोट दर्ज नही हो सकी है। नांगल क्रशर जॉन में चोरी छुपे रात्रि में अवैध खनन का करोबार होता रहता है। निगरानी के लिए खनिज विभाग के होम गार्ड तैनात किए जाते रहे है। उसके बाद खनन माफिया रसूखात के चलते खनन को अंजाम देते रहते है। खनिज विभाग ने सूचना के आधार पर शुक्रवार रात्रि को लोहागढ क्रशर के समीप अवेध खनन करते हुए एक पोकलीन मशीन व पहाड़ में खनन के लिए ड्रिल मशीन से होल करते हुए एक ड्रिल मशीन को जप्त किया है। जबकि खनन कर्ता मोके से फरार हो गए है।

सूत्रो के अनुसार खनन माफिया हरियाणा के बताऐ जा रहे है। खनन जॉन व क्रशर जॉन एक स्थान पर होने के कारण अवैध खनन को बढावा मिल रहा है। खनन माफियाओ के राजनेता एंव स्थानिय प्रशासन से मिलीभगत व रसूखात के चलते खनन माफियाओ के हौसले बुलंद है।हालाकि छापामार कार्रवाही के बाद खनन जोन मे सन्नाटा पसरा हुआ है।

खनिज विभाग के एएमई केतन सिह ने बताया हैमोके से खनन करती एक पोकलीन व एक ड्रील मशीन को जप्त किया है। जिसे सुर्पदगी मे दे दिया गया है। रिर्पोट दर्ज करने की कार्रवाही की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के घट्टी गांव के निकट शनिवार को एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। पुलिस ने मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घट्टी गांव के निकट शनिवार सुबह पिपलिया, धरनावदा (मध्यप्रदेश) निवासी रामविलास मीणा (28) ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बापचा थाना पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर जैपला पीएचसी पर चिकित्सको द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया तथा मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इम्यूनिटी बूस्ट के लिए पिलाया स्वर्णप्राशन

**भरतपुर ( निस )।** आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा के प्रति जागरूकता हेतु राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय भरतपुर द्वारा प्रत्येक महीने लगाए जा रहे निशुल्क चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला में सुरजीत बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नमक कटरा भरतपुर में प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ रीना खंडेलवाल उपाधीक्षक एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में दो सौ से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क स्वर्णप्राशन ड्राप्स पिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया एवं विद्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का शुगर की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में आए बच्चों को आदर्श जीवन शैली के महत्व की आवश्यकता बताते हुए ऋतुओं के अनुसार खान-पान करने एवं फास्ट फूड से बचने की सलाह दी गई। शिविर में कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष डॉ अरविन्द शर्मा विकृति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ श्यामवीर सिंह घुरैया डॉ सोम्या डॉ उपासना एवं बी एन बाई एस थर्ड ईयर के छात्र छात्राओं द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। विद्यालय समिति अध्यक्ष रजनी अग्रवाल उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा सदस्य अनिल चतुर्वेदी चन्द्र शेखर लवानिया एवं प्रिंसिपल अनीता जैन का आभार जताया।

## संस्कृति सप्ताह का अंतिम कार्यक्रम मनाया

**भरतपुर ( निस )।** भारत विकास परिषद की लोहागढ़ शाखा द्वारा अपने संस्कृति सप्ताह का अंतिम कार्यक्रम कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के रूप में स्थानीय लक्ष्मी पैलेस मैरिज होम में कपल थीम पर आधारित सुरमयी संगीत संध्या के साथ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्रपट के समक्ष शाखा संरक्षक अनिल लोहिया, सरोज लोहिया, डॉ. सुशील पराशर व अध्यक्ष अंकुर गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। सदस्य परिवारों में आपसी समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नृत्य-गायन के साथ साथ रोचक खेल व प्रश्नोत्तरी की भी प्रतियोगिता उपस्थित सदस्यों के मध्य रखी गईं थी जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूर्ण आनंद लिया। ओल्ड इज गोल्ड गीत गायन के विजेता डॉ. गिरीश शर्मा, फन गेम की विजेता विकास दीक्षित-मनीषा की जोड़ी, रोमांटिक नृत्य की विजेता संजय खंडेलवाल- निशा की जोड़ी व उपविजेता रोहित- नीलम खंडेलवाल की जोड़ी, मोस्ट एनर्जेटिक कपल राकेश झालानी- बबीता, प्रश्नोत्तरी के विजेता राकेश गुप्ता, सरोज खंडेलवाल, मनीष बिंदल, अजय चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम में स्थानीय सिंगर चिरायु सिंघल ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़ कर एक प्रस्तुतियां देते हुए जम कर तालियां बटोरी। कार्यक्रम का संचालन सचिव अरविंद सिंह चौहान व महिला संयोजिका खुशी गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

**भरतपुर ( निस )।** उप निदेशक महिला अधिकारिता, भरतपुर की ओर से महिलाओं को एशियन पेन्ट कलर अकादमी के सौजन्य से बेसिक पेन्टर के 06 दिवसीय प्रशिक्षण का महाराजा बदनसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर में 14 से 19 अक्टूबर तक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उप निदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं के कौशल भविष्य को देखते हुए प्रत्येक क्षेत्र में बढावा देने व उनका मार्गदर्शन करना था। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने एवं स्वयं के द्वारा निर्णय लेने की क्षमता का विकास करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रशिक्षण एशियन पेन्ट के मास्टर ट्रेनर नलिन के द्वारा प्रशिक्षण में भाग लेने वाली कुल 41 महिलाओं को दिया गया। शनिवार को प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र व उपहार प्रदान किये गये। उक्त प्रशिक्षण अवधि के दौरान विभाग की सुपरवाईजर सुमन मीना एवं ममता जैन सहित संबंधित गणमान्य उपस्थित रहे।

## करवाचौथ को लेकर नदबई के बाजार हुए गुलजार



करवाचौथ को लेकर सुहागिन महिलाओं ने खरीददारी करते हुए।

**नदबई भरतपुर** (निस)। करवाचौथ को लेकर सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। करवाचौथ को लेकर बाजार गुलजार हैं। करवाचौथ के लिए शहर के बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। बाजार में सुबह से शाम तक खरीदारी करने के लिए महिलाएं पहुंच रहीं हैं। बाजारों में सस्ते से लेकर महंगे सामान की दुकानें लगी हैं। सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे अधिक महत्व रखने वाले पर्व करवा चौथ की रौनक बाजार में दिखाई देने लगी है। जहां महिलाएं बाजार में करवा के साथ ही पूजा कलैंडर व छलनी को खरीदते हुए देखी जा सकती हैं। इतना ही नहीं ज्वैलरी व कपड़ों की दुकानों पर भी महिला खरीददारों की भीड़ दिखाई दे रही है। कॉस्मेटिक और चूड़ियों की दुकानें पूरी तरह से सजी हुई हैं। दुकानदारों ने सुंदरदृसुंदर चूडिय़ां दुकानों के बाहर सजाई है, जिसमें कांच की चूडिय़ों से लेकर फैंसी चूडिय़ां शामिल है। महिलाएं भारी संख्या में शृंगार सामग्री की खरीद कर रही है। शृंगार के सामान की कई तरह की वैराइटी बाजारों में देखी जा रही है। शाम होते होते बाजार में भीड़ और अधिक हो जाती है।करवाचौथ के त्योहार में महिलाएं मेहंदी लगाती है। मेहंदी लगाने वालों ने भी मेहंदी के रेट फिक्स कर दिए है। मेहंदी के रेट 100 से 1000 तक रखा गया है। एक हाथ प्रति 100 से 200 रुपए रेट रखा गया है ।

## अखिल भारतीय मुशायरा आज

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेला 2024 के अंतर्गत रविवार को रात्रि 8.30 बजे विजयश्री रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रख्यात शायर शेरो शायरी पढ़ेंगे। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय मुशायरा कार्यक्रम में ताहिर फराज, सिकंदर हयात गड़बड़, शाहिद अंजुम, सबीना अदीब, इकबाल अशहर, विजय तिवारी, अज्म शाकिरी, जिया टॉकी शेर पढ़ेंगे। इससे पहले शाम 7 बजे साफा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। राजवंशी ने बताया कि सोमवार को रात्रि 8.30 बजे लाफ्टर शो कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रख्यात हास्य कलाकार सुदेश लहरी और उदय दया अपने हास्य व्यंग्य और चुटकुलों से हंसी की फुहारे छोड़ेंगे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई

**कोटा,** (निसं)। वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव धूम धाम से मनाया गया। राकेश सफैला ने बताया कि गुमानपुरा स्थित वाल्मीकि मंदिर पर नवल धर्म सभा के पदाधिकारियों द्वारा मंगलाचरण पूजन अर्चन माला पहनाकर गर्म जोशी से जयघोष के जयकारे लगाये। इस अवसर पर संत रामप्रसाद, नवल रत्न राजकुमार सरसिया, मांगी लाल पटुना, रामदयाल नकवाल, राम स्वरूप भंडारी, रामरतन संगत, रोशन प्रधान, जगदीश टांक आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### 21 तक छात्रो के होंगे आधार सीडेड



**गंगापुर सिटी ।** शनिवार को एनपीसीआई कार्य की समीक्षा हेतु बीकानेर से नियुक्त प्रभारी आजाद कुम द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गंगापुर सिटी में जिले के समस्त शिक्षा अधिकारियों के साथ मीटिंग कर निर्देश दिए गए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ छात्रों को सीधे डीवीटी के माध्यम से समय पर मिले। इस हेतु प्रत्येक छात्र का आधार सीडेड अपने बैंक खाते से होना अनिवार्य है और अभी भी जिले के विभिन्न कक्षाओं के 215 छात्रों के आधार कार्ड सीडिंग होने से शेष हैं। सभी को पाबन्द किया गया कि वह प्रधानाचार्य को पाबंद करके एक शिक्षक को प्रभारी नियुक्त करके 21 अक्टूबर 2024 तक इस कार्य को व्यक्तिगत रुचि लेकर शत प्रतिशत पूर्ण करावे। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी एवं कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें जो संस्था प्रधान इस कार्य में डिलाई बरते उन्हें नोटिस जारी किया जावे। इसके बाद राउमावि गंगापुर सिटी का निरीक्षण किया जहां जाकर कक्षाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गये। संस्था प्रधान से आधार सीडिड की प्रोग्रेस जानकर शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गये। इसके बाद राउमावि कोयला का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए।

### पोस्टर का विमोचन किया

**गंगापुर सिटी ।** मानव सेवा संस्थान गंगापुर सिटी द्वारा आपके घर या व्यवसाय में पुरानी खंडित मूर्तियाँ, फोटो, प्रतिमा, तस्वीर का स-सम्मान विसर्जन का कार्य संस्थान के द्वारा करने को लेकर अभियान चलाया है। संरक्षक विजय गोयल ने बताया कि इसके तहत पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर एवं सभापति शिवरतन अग्रवाल, कुहू इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक हेमंत शर्मा और मानव सेवा संस्थान के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा शनिवार को पूर्व विधायक के निवास पर पोस्टर विमोचन कर इस कार्य की शुरुआत की गई। गोयल ने शहरवासियो से अपील की है कि पुरानी खंडित मूर्तियां, फोटो, प्रतिमा, तस्वीर और शादी कार्ड एवं किसी भी वस्तु पर ईश्वर का चित्रण हो उन सभी को श्री गोपाल गौशाला दशहरा मैदान, भजनाश्रम, नहर रोड सहित श्री लाडली लाल जू आईसोलेशन सेन्टर बाइपास पर पहुंचा सकते है। जिनका हम विधि विधान के द्वारा सभी को बहती नदी में विसर्जित करने का कार्य करेंगे।

### अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**करौली( नि.स. )।** पुलिस ने अवैध बजरी से भरी बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। मामचारी थाना अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले भर में अपराधियों की धर पकड की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत थाने के हैड कांस्टेबल विनोद कुमार ने क्षेत्र में गश्त के दौरान गांगुरदा तिराहे से बनास की अवैध बजरी से भरे एक बिना नंबर के एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली चालक चेतराम पुत्र सुरेश 35 निवासी बूकना थाना सपोटरा को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी से अवैध बजरी खनन और परिवहन को लेकर पूछताछ कर रही है। थाना अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के लिए जगह-जगह नाकाबंदी और गश्त की जा रही है।

### न्यूट्रीशन पर व्याख्यान किया

**भरतपुर ( निस )।** महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 एवं आंतरिक शिकायत समिति के अंतर्गत न्यूट्रीशन एवं पसर्नल हाइजीन पर व्याख्यान का आयोजन प्रोफेसर डॉ. सुनीता कुलश्रेष्ठ द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. डॉ. इला मिश्रा द्वारा की गई। महिला प्रकोष्ठ एवं आईसीसी की संयोजिक प्रो. डॉ. अर्चना सिंह द्वारा मुख्य वक्ता प्रो. डा. सुनीता कुलश्रेष्ठ का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। प्रो. डॉ सुनीता कुलश्रेष्ठ ने पोषण एवं स्वच्छता पर छात्राओं को व्याख्यान दे कर जागरूक किया। संचालन प्रो डॉ. कमलेश सिसोदिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो डॉ सुनीता पाण्डे, प्रो डॉ मंजु लता शर्मा, प्रो डॉ अशोक कुमार गुप्ता, डॉ सरिता सिंह, डॉ अंजना शर्मा, डॉ कृति शर्मा, दीपिका सिंह, अनुरूप एवं सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

### कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**करौली( नि.स. )।** केंद्र और राज्य सरकार भले ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने पर सख्त हो मगर यहां भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है साइबर एकेडमी नेशनल स्कूल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तहत क्षेत्र की बेरोजगार बालिकाओं ने डीडीयू,जीकेवाई योजना के अंतर्गत 9 माह का कोर्स करने के बाद सर्टिफिकेट और स्कॉलरशिप एवं किराए की राशि नहीं दी जा रही है जिसमें संस्था द्वारा भ्रष्टाचार करने की साजिश रची जा रही है जिसको लेकर छात्राओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर किराए की राशि और सर्टिफिकेट सहित स्कॉलरशिप दिलाने की मांग की है। बालिका नीतू चतुर्वेदी,सोनम चतुर्वेदी,पूनम सैन,सीमा चतुर्वेदी,रचना माली,नरकेश गुर्जर, मीनाक्षी चतुर्वेदी आदि ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि साइबर अकैडमी डीडीयू जीकेवाई दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत हमने सैंपलिंग का कोर्स नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तहत 9 माह का किया गया बालिकाओं ने बताया कि प्रवेश के समय सेंटर मैनेजर ने बताया कि इस योजना में सभी बालिकाओं को आने-जाने का किराया देने का प्रावधान है और कोर्स पूरा होने के बाद छात्रवृत्ति मिलेगी उन्होंने बताया कि कोर्स पूरा हुए 6 माह हो चुके हैं लेकिन संस्था द्वारा आज तक किराए की राशि और छात्रवृत्ति नहीं दी गई है उन्होंने संस्था पर किराए की राशि और छात्रवृत्ति में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए बताया कि संस्था के पास प्रत्येक बालिका के हिसाब से 24 हजार रुपये आ चुके है। मगर सेंटर मैनेजर उसमें से मात्र 6हजार रुपये किराए का देना चाहती है अंत में उन्होंने जिला कलेक्टर से किराए की राशि को पूरा दिलाने और सर्टिफिकेट दिलाने कि मांग कि है।

### एस.डी.पी. डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा त्यौहार के सीजन में भी लोगों की निरंतर मदद की जा रही है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अब परेशान नहीं हो रहे हैं, उन्हें भी समय रहते एसडीपी उपलब्ध कराई जा रही है। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि बारां जिले के किसी गांव की रेखा बुलिवाल की प्लेटलेट कम हो गई थी, उन्हें कोटा लाया तो चिकित्सकों ने प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए कहा, ओ पॉजिटिव प्लेटलेट्स के लिए मैसेज वायरल किया गया, ऐसे में कोटा शहर में साइबर क्राइम एक्सपर्ट और एसआई प्रताप सिंह शेखावत ने मैसेज देखा तो वह किसी केस में व्यस्त थे। लेकिन जब स्थिति की गंभीरता से अवगत हुए तो वह सीधा अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने आठवीं बार एसडीपी डोनेट की है। वह इससे पूर्व पांच बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। प्रताप सिंह साईबर क्राईम के बारे में लोगों को जागरूक तो कर ही रहे हैं साथ ही सेवा के माध्यम से लोगों के जीवन को बचाने का भी प्रयास कर मानवीय कार्य कर रहे हैं।उनके नियमित सेवाकार्य से प्रभावित होकर कई युवा रक्तदान के प्रति जागरूक होकर मदद के अभियान में जुटे हुए है।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2024-25/17771-83 **निविदा सूचना/2024-25** Date:18.10.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Strengthening & Widening up to 2-Lane with paved shoulder of SH-134 Jahajpur to Deoli section. RRC2425WLOB00533 | 2676.81 Lakh | ई-266/24-25 |
| SITC of Lift work in New Teaching Hospital Building at Sawai Madhopur. RRC2425WSOB00540 | 318.30 Lakh | ई-269/24-25 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। **महाप्रबंधक**

## किड्स क्रिकेट लीग का शुभारंभ आज से

**गंगापुर सिटी ।** नई दिशा सोसाइटी गंगापुर सिटी के तत्वाधान में आयोजित की जाने वाली किड्स क्रिकेट लीग का शुभारंभ 20अक्टूबर रविवार से हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान पर होगा। कार्यक्रम के प्रायोजक किड्स केयर स्कूल गंगापुर सिटी हैं। तथा लीग के सभी मैच बच्चों की सुविधा को ध्यान रखते हुए रविवार को खेले जाएंगे। किड्स क्रिकेट लीग को नई दिशा सोसाइटी के द्वारा हर साल आयोजित किया जाता रहा है जिसमें 14 वर्ष तक के सभी बच्चे भाग लेते हैं और इस साल इस क्रिकेट लीग का सातवां सीजन है। लीग के सेमी फाइनल तथा फाइनल 27 अक्टूबर रविवार को खेले जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही है।

टीमों के नाम डेककन चार्जर्स, किंग इलेवन, जीसी सुपरहीरो, जीसी हंटर्स, जीसीसी डायनेमिक, रॉयल चैलेंजर गंगापुर, जीसीसी नाइट राइडर्स, मास्टर ब्लास्टर रहेंगे। कार्यक्रम के प्रायोजक किड्स केयर स्कूल गंगापुर सिटी के डायरेक्टर अमित जैमिनी रहेंगे। किड्स लीग को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है और कमेटी के सदस्यों ने गंगापुर सिटी के सभी दर्शको को बच्चो का होसला बढाने के लिए हायर सैकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान पर पहुंचने की अपील की है।

# जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में कांग्रेस की मीटिंग आयोजित

**भरतपुर( निस )।** जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर की संगठनात्मक मुद्दों को लेकर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा को अध्यक्षता में वृहद स्तर पर होटल ईगल नेस्ट में बैठक आयोजित की हुई। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि पीसीसी के आहान पर आयोजित हुई इस बैठक में संगठन की मजबूती पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से पधारे भरतपुर सांसद संजना जाटव एवं धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव का जिला कांग्रेस

> ■ बैठक में संगठन की मजबूती पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने शॉल ओढ़ाकर तथा माला एवं कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भरतपुर सांसद संजना जाटव ने अपने स्वागत सम्मान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की जन भावनाओं को ध्यान रखते हुए भरतपुर संसदीय क्षेत्र में मेरे द्वारा विकास कार्यों में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आवाहन करते हुए



जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर की जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा को अध्यक्षता में वृहद स्तर पर होटल ईगल नेस्ट में बैठक आयोजित

कहा कि आपके सुझाव एवं मांगे समय-समय पर मुझे देते रहे, उनको क्रियान्वित करवाना मेरी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। सांसद संजना ने अपने द्वारा भरतपुर के विकास हेतु किए गए प्रयासो जैसे रेलवे लाइन का विस्तार तथा नई ट्रेनों के भरतपुर जंक्शन पर ठहराव, भरतपुर में आवश्यक फ्लाईओवरों का निर्माण, सड़कों के निर्माण तथा जाट आरक्षण की मांग को भी संसद में पुरजोर तरीके से उठाने के बारे बताया। कार्यक्रम में मौजूद धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने भी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किए गए भव्य कार्यक्रम की सराहना करते हुए संगठन एवं सत्ता के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ता ही पार्टी की जमीनी लेवल पर मजबूत नींव तैयार करता है। उन्होंने कार्यकर्ता को संगठन की धुरी बताते हुए भरतपुर और धौलपुर संसदीय चुनावो में दिए गए योगदान के प्रति आभार भी जताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने स्वागत भाषण पढ़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक मौजूदगी पर सर्वप्रथम उनका आभार व्यक्त किया तथा विश्वास जताते हुए कहा कि जिस तरीके से आपने पार्टी की रीती नीतियों के अनुरूप चलकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस द्वारा समय-समय पर किए गए आंदोलन, धरना, प्रदर्शन, पुतला दहन, ज्ञापन आदि कार्यों में संगठन का सहयोग किया है। इसी तरह भविष्य में भी आप संगठन का सहयोग करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष सूपा ने कार्यक्रम में सांसद श्रीमती संजना जाटव एवं श्री भजनलाल जाटव के पधारने पर भी उनका आभार व्यक्त किया तथा आशा व्यक्त की, कि आप दोनों जनप्रतिनिधि समय-समय पर संगठन को अपना मार्गदर्शन देते रहेंगे। इस दौरान दिनेश सूपा ने जिला कांग्रेस कमेटी का वर्ष 2025 के लिए कैलेंडर भी घोषित किया, जिसमें नगर निकाय तथा पंचायत के चुनाव में कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील की। केंद्र सरकार की एमएसपी पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान दो नए कांग्रेसी विचारधारा के कार्यकर्ता बशीर खान एवं मोहम्मद अली को भी मंच पर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं सांसद संजना जाटव तथा भजनलाल जाटव ने दोनों को माला एवं कांग्रेस पार्टी का पटका पहना कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साहब सिंह चौधरी, पीसीसी सदस्य धर्मेंद्र शर्मा, प्रशांत उपाध्याय, जगदीश बंजी, सुरेश पूछरी, प्रताप मेहरावर, श्रीभगवान कटारा, रामेश्वर सैनी, देशराज पहाड़िया, लाखन हिंगोली, बबीता शर्मा, रेनू गोरावर, दीनदयाल जाटव, हरस्वरूप शर्मा, भवानीशंकर शर्मा, देवेंद्र सिंह, महेश मीणा, फजर खान, सुगड़ सिंह जाटव, सुगड़ सिंह खैरा, मनोज पटेल, रविंद्र प्रधान, धर्मवीर सिंह, मनोज शर्मा, राजीव कुमार सिंह, अजयपाल दारापुरिया, भरत गादोली, मुकेश जाटव, श्याम सिंह गुर्जर, राजू प्रधान, वीकेश फौजदार, पुष्पेंद्र बनो, निरंजन जाटव, अशोक तांबी, प्रेम प्रजापत हरवान सरपंच, दिगंबर खटाना, लोकपाल सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### करवा चौथ व्रत आज



गंगापुर सिटी में करबा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजार में करब खरीदती महिलाऐ।

**गंगापुर सिटी ।** करक चतुर्थी अर्थात करवाचौथ का व्रत लगभग देशभर में मनाया जाता है। जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में करवा चौथ त्यौहार सुहागिन महिलाओं द्वारा रविवार को मनाया जायेगा। कार्तिक कृष्ण चतुर्थी करवा चौथ को स्त्रियों द्वारा अखण्ड सौभाग्यवती पति की दीर्घायु एवं स्वास्थ्य मंगल कामना के लिए व्रत करती है एवं चन्द्रमा को अर्ध्य देकर व्रत पूर्ण करती है। करवा चौथ के त्यौहार को लेकर बाजार में करवों की सजी दुकानों पर महिलाएं दिनभर करवे खरीदती नजर आई। भारतवंशियों की भागीदारी से त्याग, आस्था, प्रेम और आपसी विश्वास का यह व्रत विश्व के कई देशों में पहुंच चुका है। दाम्पत्य जीवन के इस सबसे खूबसूरत व्रत की शुरुआत राजा-रजवाडों के प्रदेश राजस्थान से हुई है। यह कहना अतिशियोक्ति नहीं होगी कि राजस्थान की वीर जातियों ने हिंदू संस्कृति एवं सभ्यता को संवारने और समृद्ध करने में महती भूमिका निभाई है। इसी की एक कडी करक चतुर्दशी यानि करवा चौथ पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाऐ सज धज कर चौथ भवानी के दरवार में पहुंचेगी जहां पर वे विधी विधान से पूजा अर्चना कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए पति के दीर्घायु होने का वरदान मांगेगी।

### तीन दिवसीय सर्वे कार्यशाला संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** तीन दिवसीय राष्टीय ग्रामीण साक्षरता सर्वे के लिए कार्यशाला का आयोजन असर द्वारा भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हुआ। जिसका विषय असर के लिए दत्त संकलन था। असर के संदर्भ व्यक्ति देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि असर ग्रामीण बालकों की शैक्षिक स्थिति की वार्षिक रिपोर्ट हेतु एक सर्वे प्रतिवर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में करवाती है। इसके लिए सत्र 2०24-25 का विस्तृत सर्वे करने हेतु भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कार्यशाला में तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद 19 एवं 2० अक्टूबर 2०24 में प्रशिक्षित छात्र-छात्रा सवाई माधोपुर एवं गंगापुर जिले के 3० गावों के सरकारी विद्यालयों एवं प्रत्येक गांव के रैंडम चयनित 2० परिवारों की शैक्षिक स्थिति का सर्वे करेंगे। यह रिपोर्ट भारत सरकार की शिक्षा एजेंसी नीपा को भेजी जाती है। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन देवेंद्र कुमार शर्मा, नीतू शर्मा एवं सुश्री तरुना शर्मा ने 6० छात्र-छात्राओं को गहन प्रशिक्षण दिया एवं पायलेट सर्वे के रूप में छात्र-छात्राओं को महूकला गाँव में ले जाकर सिखाया गया।

### औषधीय काढा पिलाया

**करौली( नि.स. )।** मासलपुर के बालिका विद्यालय में और बड़े बाजार में मौसमी बीमारियों के बचाव के विभिन्न औषधि उपयोगी काष्ठ औषधीय गुणों से काढ़ा बनाया गया और सभी को मात्रा अनुसार पिलाया गया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ रमण लवानिया ने बालिकाओं को दिनचर्या, ऋतुचर्या, अहार, विहार, खान पान की जानकारियां देते हुए योग प्राणायाम जरूर करने की सलाह दी गई विद्यालय स्टाफ से नियमित प्रार्थना सभा में योग प्राणायाम कराने कि सलाह दी गई आयुर्वेद चिकित्सक ने बताया कि काढे में खून बढ़ाने के लिए विशेष औषधि मिलाई गई मौसमी रोगों से बचाव की औषधि से निमित्त काढ़ा बहुत उपयोगी है इस अवसर पर ब्लॉक आयुष चिकित्सालय मासलपुर के त्रिलोक सिंह कंपाउंडर और खेम चंद्र माली समाज सेवी ने विशेष सहयोग किया।

### रेडियम की पटटी बांधने की शुरूआत

**भरतपुर ( निस )।** शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ प्रदीप डागुर रविवार को अपने जन्म दिन पर शहर में आए दिन आवारा गौवंश से होने वाली दुर्घटनाओं से आमजन एवं गौवंश की सुरक्षा के लिए एक हजार की संख्या में आवारा गौवंश के गले में रेडियम की पटटी बांधने की शुरूआत करेंगे। जिससे रात्रि के समय आमजन, वाहन चालक, महिला, बुजुर्ग आदि को गौवंश दूर से ही दिखाई दे जाए। इससे न केवल आमजन दुंघटना से बचेगा बल्कि गौवंश भी सुरक्षित रहेगा। पटटे बांधने का शुभारंभ किला स्थित बिहारी जी मंदिर से सुबह साढे आठ बजे जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। डॉ प्रदीप डागुर इस प्रकार के सामाजिक सरोकारों में सतत सक्रिय रहते हैं। अपने परिजनों के जन्म दिन विवाह वर्षगांठ जैसे अवसरों पर अब तक पांच हजार से अधिक बडे वृक्ष लगा चुके हैं।

### विधायक डॉ. गर्ग ने जनसुनवाई की

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर भरतपुर आये। इस दौरान उन्होंने रंजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई कर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकत कर राजनैतिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। भरतपुर दौरे के प्रथम दिन रंजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई में क्षेत्र के वाशिंदों ने बिजली, पानी, सडक, चिकित्सा, अतिक्रमण के अलावा अन्य समस्याओं से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज कराई।

## योग शिविर व सफाई अभियान चलाया

**भरतपुर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को एक दिवसीय योग शिविर व सफाई अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि योग शिक्षक अशोक शर्मा ने विद्यार्थियो को सुबह योग कराया तथा उन्होने शारीरिक व मानसिक विकास मे योग का महत्व बताया।


शाम के सैशन में विद्यार्थियों ने कॉलेज केम्पस मे वर्षा ऋतु मे उगी घास व झाडियों की फावडे व खुरपी से सफाई की। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियो का सर्वांगीण विकास करना, उनमें उद्यिमता, अनुषासन व संघर्षशीलता पैदा करना कॉलेज की जिम्मेदारी है।

डॉ. मोहित कुमार ने कहा कि विद्यार्थियो को सैण्ड से रंगोली बनाना व क्ले मॉडलिंग के तहत ग्रामीण स्त्री व भगवान राम व गणेश की मूर्ति बनाने की प्रेक्टिस करवायी गयी। डॉ. विनोद भटेश्वर ने विद्यार्थियों को बालीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल सहित स्पोर्टस की प्रेक्टिस करवायी गयी। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम वर्ष में नव प्रवेषित विद्यार्थियों को15 दिन का दीक्षारम्भ कोर्स अनिवार्य किया गया है, जिसमें उन्हे महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया जायेगा, जिसमें विद्यार्थी कॉलेज के वातावरण से सामन्जस्य स्थापित कर सकें।

इस अवसर पर डॉ. ओ.पी. मीना, डॉ. बी.एल जाखड, डॉ. शंकर लाल यादव सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 68 सी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

**गंगापुर सिटी ।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर 3 गंगापुर सिटी में आज 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर 3 गगापुर सिटी में आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को ट्रेक इवेंट्स का आयोजन किया गया। बालक वर्ग 100 मीटर दौड में प्रथम रमन सिंह, द्वितीय हुमायूं, तृतीय अफसर, 200 मीटर दौड में प्रथम रमन मीना, द्वितीय अमित रैगर, तृतीय नरोत्तम कुमार, 400 मीटर दौड में अंकित मीना, द्वितीय रविन्द्र सिंह, तृतीय उदय सिंह, 600 मीटर दौड में प्रथम विक्रम सिंह, द्वितीय कुशाल सिंह, तृतीय विवेक कुमार, 80 मीटर बाधा दौड में प्रथम, पंकज कुमार, द्वितीय



दौड प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

त्रिलोक कुमार तृतीय शिवकुमार रहे। बालिका वर्ग के मुकाबलों में 100 मीटर में प्रथम खुशबू, द्वितीय पायल, तृतीय निर्मल कुमारी, 200 मीटर दौड में प्रथम खुशबू, द्वितीय सरोज मीना, तृतीय सोनम गुर्जर, 400 मीटर दौड में प्रथम नेहा कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी, तृतीय गुंजन महावर, 600 मीटर दौड में प्रथम शिवानी कुमारी, द्वितीय सोनम कुमारी, तृतीय किरण कुमारी, 80 मीटर बाधा दौड में शिवानी, द्वितीय काजल कुमारी रही।

# 'रात्रि चैपाल में प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें'

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने किसानों के द्वारा रात्रि चैपाल में प्राप्त प्रकरणों सहित चिकित्सा,शिक्षा,पेयजल,पंचायती राज सहित अन्य विभागों से प्राप्त परिवादों का समय सीमा में निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत गैरई में आयोजित रात्रि चैपाल में आमजन की समस्याओं पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने रात्रि चैपाल में ग्रामीणों के द्वारा जॉव कार्ड बनवाने, नाले की सफाई करवाने, बिजली आपूर्ति करवाने,कृषि कनेक्शन लगवाने,बीमारी रोकथाम के लिए फॉगिंग करवाने, पेयजल की व्यवस्था करवाने, पशुओं में टीकाकरण करवाने, आवादी विस्तार करवाने, सीमा ज्ञान करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुडवाने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, पट्टा दिलवाने, महिला अध्यापक लगवाने, सडक बनवाने, नामांतरण खुलवाने, सहित ग्रामीणों एवं परिवादियों के विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए। इस पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने चैपाल में ग्राम पंचायत में साफ सफाई रखने, आंगनबाडी केन्द्र पर पोषाहार समय पर वितरीत करने, नरेगा कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिये। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने सभी प्राप्त प्रकरणों को दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने एवं समय पर पालना रिपार्ट भिजवाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा, पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, एवं ब्लॉक अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## कार्यशाला आज

**गंगापुर सिटी ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला रविवार को शाम 4 बजे होटल द पर्ल में आयोजित की जायेगी। शहर मण्डल अध्यक्ष नवीन शर्मा एडवोकेट ने बताया कि कार्यशाला मीटिंग में भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य, पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधी, सभी जिला व मण्डलो के अध्यक्ष, पदाधिकारीयों, विभिन्न मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारीयों, समस्त शक्ति केंद्र संयोजकों, समस्त बूथ अध्यक्षों सहित समस्त कार्यकर्ताओं से विधानसभा स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला में भाग लेने के निर्देश दिए गए है। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री मानसिंह जी गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल एवं प्रधान श्रीमति मंजू गुर्जर उपस्थित रहेंगे।

## यात्रा की समाप्ति पर जताया आभार

**करौली( नि.स. )।** मां करणपुर गुमानो सेवा समिति करौली के पदाधिकारीयो ने यात्रा की समाप्ति पर सभी पद यात्रियों,भामाशाहों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रसादी भेंट की। करौली से करणपुर जाने वाली 23वीं विशाल निशुल्क पदयात्रा शांतिपूर्ण माहौल में करणपुर पहुंची मां करणपुर गुमानो सेवा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता,गिर्राज तिवाडी ने बताया कि यात्रा के आशा की वॉच टावर पर पहुंचने के दौरान श्रीजी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा माता के भजन प्रस्तुत किए गए वही कन्या लंगरा को प्रसादी ग्रहण करा कर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों कि संख्या में लोगों ने प्रसादी पाई और करणपुर में माता के दरबार को फूल बंगला की झांकी से सजाकर छप्पन भोग लगाए गए समिति के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी ने यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सभी पद यात्रियों, दानदाताओं, भामाशाहों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह का सहयोग मिलता रहे इस अवसर पर सभी लोगों को 56 भोग का प्रसाद वितरण किया गया एवं आशा की वॉच टावर पर मां गुमानो की प्रतिमा विसर्जन के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं का मॉ. कि चुनरी उड़ाकर स्वागत सम्मान किया गया।

# प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित



प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन समारोह और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिडबी लखनऊ के सहयोग से और सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप स्वर्गा द्वारा आयोजित किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन समारोह और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी ब्लॉक के गांव नगरिया ताजपुर में आयोजित इस समापन समारोह और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ( सिडबी ) आगरा के शाखा प्रबंधक आकाश सोनी और विशिष्ट अतिथि सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ग्रुप ( स्वर्ग ) के प्रबंधक बलवीर सिंह रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, फतेहपुर सीकरी ब्लॉक के प्रतिनिधि और ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गाय के गोबर से विभिन्न उत्पाद बनाने और एलईडी बल्ब असेंबलिंग विषयों पर पिछले 30 दिवस में आयोजित किए गए। इन आजीविका आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत आगरा जिले की फतेहपुर सीकरी ब्लॉक के गांव नगरिया ताजपुर की 50 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दोनों विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश सोनी शाखा प्रबंधक सिडबी आगरा ने सुपर लाइट एलईडी बल्ब और उजाला एलइडी बल्ब के दो स्थापित उद्यमों का उद्घाटन भी किया। मुख्य अतिथि आकाश सोनी ने स्वर्ग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उनका धन्यवाद दिया और महिलाओं को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत और नए-नए उद्यम स्थापित करने और अपनी आजीविका बढ़ाने के लिए प्रेरणा लेने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि स्वर्ग के बलबीर सिंह ने सिडबी लखनऊ कोइस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अपना सहयोग देने के लिए आभार ज्ञापित किया।

## रोजगार देने हेतु महाविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग द्वारा आमंत्रित किया

**भरतपुर ( निस )।** अभियांत्रिकी महाविद्यालय में लक्ष्य टेक्नोलॉजी सोलूशन, सोनीपत कम्पनी को बीटेक अन्तिम वर्ष एवं पासआउट छात्र-छात्रों को रोजगार देने हेतु महाविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग द्वारा आमंत्रित किया गया। कम्पनी में चयन हेतु महाविद्यालय के विभिन्न ब्रांच के विद्यार्थियों द्वारा बढ-चढ कर भाग लिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि कम्पनी एचआर राकेश कालरा एवं दिनेश द्वारा महाविद्यालय के सभी ब्रांच के छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार लिया गया। जिसके अन्तर्गत अभियांत्रिकी महाविद्यालय, भरतपुर के 3 विद्यार्थियों चयनित हुए। चयनित हुए विद्यार्थी यतेन्द्र कुमार ब्रांच कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग एवं आदर्श कुमार पांडेय, राज चौधरी ब्रांच इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग अपनी बी.टेक अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीण कर लक्ष्य टेक्नोलॉजी सोलूशन, सोनीपत कम्पनी में अपना रोजगार प्रारम्भ करेगें और उनका सालाना पैकेज लगभग 2.5 लाख का होगा। महाविद्यालय में इस कम्पनी द्वारा छात्र-छात्राओं को रोजगार मिलने से महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि गुप्ता द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के अधिकारी राहुल श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रमोद कुमारी ने बताया कि इस वर्ष देश की जानी मानी कम्पनियां इस महाविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आएंगी एवं इन कम्पनियों में सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग ले सकेगें एवं चयनित विद्यार्थी इन कम्पनियों में रोजगार प्राप्त करेगें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग के सदस्य पीयुष चौवे, सतीश कुमार, मधुसुदन तिवारी आदि मौजूद थे।

## एसडीएम ने बैठक ली

**नदबई भरतपुर ( निस )।** एसडीएम कार्यालय में एसडीएम गंगाधर मीणा ने आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए व्यापारियों की बैठक ली। जिसमें एसडीएम ने कानून व्यवस्था की पालना व शांति व्यवस्था में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने को कहा। इससे पहले एसडीएम ने त्यौहार पर भीड़ होने के चलते मुख्य बाजार में जाम की समस्या से निजात के लिए अवैध तरीके से हो रही पार्किंग को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने व व्यापारियों को जाम की समस्या से बचने के लिए सहयोग करने को कहा।

# पार्टी प्रमुख कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता ग्रहण करायी



जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज एवं पार्टी प्रमुख कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता ग्रहण करायी गयी ।

**भरतपुर( निस )।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज एवं पार्टी प्रमुख कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता ग्रहण करायी गयी जिसमें जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि सक्रिय सदस्यता अभियान के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिले में हुई सामान्य सदस्यता की मंडलष: जानकारी लेनी है और बूथ अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों द्वारा अपने रेफरल से बनाए गये सदस्यों की सूची प्राप्त करनी है तथा जिस कार्यकर्ता के 100 सदस्य है उसको सक्रिय सदस्यता ग्रहण करायी जावेगी। इस अवसर पर सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक गिरधारी लाल गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना करना है जिसमें जाति, सम्प्रदाय अथवा लिंग का भेद-भाव किए बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर तथा धार्मिक विष्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिष्चित हो सकें जिस कारण यह सदस्यता अभियान चलाया गया है जिसमें जो कार्यकर्ता ऑनलाईन ऑफलाईन100 सदस्य बनायेंगे वही सक्रिय सदस्य बन सकेंगे तथा इस संबंध में मण्डल स्तर पर मण्डल संयोजकों व मोर्चो के संयोजको को नियुक्त कर दिया गया है तथा उनको सक्रिय सदस्यता अभियान के नियमों के बारे में अवगत करा दिया गया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह, मोहन रारह, रोहित उपाध्याय, पंकज शर्मा, कृष्णगोपाल, दुष्यन्त, संजीव, मोहर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

